
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 21.11.2022 से 27.11.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# ‘चिरायु हरियाणा’ योजना का शुभारंभ

(दिनांक 21.11.2022)

**प्रभाव :** प्रदेश में हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने ऐसे जरूरतमंद परिवारों को भी आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभ देने की शुरुआत की है, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है।

मुख्यमंत्री जी ने मानेसर में लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इस योजना से राज्य के करीब 28 लाख परिवारों की बीमारी की स्थिति में इलाज पर आने वाले खर्च की चिंता खत्म होगी। योजना से सीधे तौर पर सवा करोड़ हरियाणवी लाभान्वित होंगे। यानी हरियाणा की 50% जनता को इसका लाभ मिलेगा।

‘चिरायु हरियाणा’ योजना में शामिल किए जाने वाले इन परिवारों का 5 लाख रुपये तक का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने बताया




कि अब दिव्यांग का इलाज भी योजना में समाहित किया गया है।

इससे पहले 9 लाख परिवारों को योजना का लाभ मिल रहा था लेकिन अब राज्य सरकार के खर्च पर योजना का दायरा बढ़ाया गया है। पीपीपी के डाटा के आधार पर इस योजना से प्रदेश में अब 28 लाख 89,036 परिवार कवर हो रहे हैं। यानी पहले जहाँ करीब 9 लाख परिवारों को योजना का लाभ मिल रहा था वही अब करीब 20 लाख और परिवार इसमें जोड़े गए हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र




कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का एक नया संदेश लेकर आया है। आज से अन्त्योदय परिवारों को भी आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के दायरे में लाया जा रहा है। इससे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वस्थ भारत सशक्त भारत' के विजन को एक नयी दिशा और गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार ने राज्य के हिसाब से केंद्र की 1 लाख 20 हज़ार वार्षिक आय की सीमा को 1 लाख 80 हज़ार तक किया है। इन परिवारों के गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मिशन मोड में अंत्योदय परिवारों के सभी लाभार्थियों को कवर करने के लिए लाभार्थी की पहचान और कार्ड बनाने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। उम्मीद है कि 31 दिसम्बर तक सभी को ये कार्ड मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में कुल 715 अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जिनमें 539 निजी अस्पताल

और 176 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। इस लिहाज़ से देखा जाए तो हरियाणा के 22 जिलों में हर जिले में लगभग 32 अस्पतालों में इस योजना से जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। 1500 तरह की बीमारियों का इलाज इस योजना के जरिए संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि अब तक आयुष्मान भारत योजना के तहत 580.77 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम दिए गए हैं। वर्ष 2021 के दौरान शीघ्र क्लेम भुगतान के लिए हरियाणा को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ( एन. एच. ए. ) से प्रशंसा–पत्र भी मिला है। आयुष्मान कार्डों को आधार से जोड़ने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। प्रदेश में अस्पताल में भर्ती होने के समय 100 प्रतिशत बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण (नवजात शिशुओं और आपात स्थितियों को छोड़कर) किया जाता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के अलावा भी प्रदेश में आमजन को किफायती, सुलभ और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना सुनिश्चित किया है। आज प्रदेश में 228 प्रकार के ऑपरेशन, 70 प्रकार के टेस्ट और 21 प्रकार की दंत चिकित्सा मुफ्त उपलब्ध है। साथ ही 541 दवाइयां भी मुफ्त दी जाती हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि योजनाओं की आखिरी गरीब तक पहुँच और अंतिम व्यक्ति का उदय ही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान और स्वावलंबन के सिद्धांत पर काम कर रही है। हरियाणा बड़े राज्यों में देश में सबसे आगे, हरियाणा की जनता को सुविधाओं का लाभ मिले ये सुनिश्चित किया जा रहा है।



# नवनिर्वाचित पंच सरपंचों से संवाद

(दिनांक 21.11.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम के मानेसर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता जनप्रतिनिधि को चुनकर जन सेवा के उद्देश्य से सहयोग करती है, ऐसे में नव निर्वाचित सरपंच व पंच जनता के विश्वास को कायम रखते हुए ग्रामीण विकास में भागीदार बनें।

मुख्यमंत्री जी से मिलने आए नवनियुक्त पंच सरपंचों को मुख्यमंत्री जी ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और सुशासन का पाठ भी पढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पुराना दौर था जब राजा महाराजा की व्यवस्था होती थी और राजा का बेटा ही राजा बन जाता था आज तो जनता के विश्वास को हासिल करने वाला व्यक्ति ही जनसेवा तक पहुंच पाता है उन्होंने प्रधानमंत्री को देश



# साप्ताहिक सूचना पत्र



का प्रधान सेवक और मैं मुख्य सेवक के तौर पर जनता का काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने नवनिर्वाचित पंचायतों को सीख देते हुए कहा कि सरकार से लेकर और ग्राम पंचायत तक का यह कर्तव्य है कि हर तबके,हर वर्ग और हर व्यक्ति के साथ न्याय हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जैसे हमने हरियाणा एक हरियाणवी एक के सिद्धांत पर सरकार चलाई है वैसे ही पंचायतें भी पूरे गांव को एक परिवार मानकर काम करें। गांव का पैसा गांव के सामूहिक कार्य में लगे हैं और इसे कोई गलत ढंग से ना निकाल पाए यह चौकीदारी भी हमें करनी है।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आने वाले वक्त में जल्द ही पंच सरपंचों की शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराया जाएगा, जिसके बाद सभी पंचायत में विधिवत तौर पर अपना काम शुरू करें।

उन्होंने कहा कि इस बार हमारा लक्ष्य यह भी है कि हम नए पंच सरपंचों को सरकार के कामकाज से रू–ब–रू कराने के लिए अगले महीने ट्रेनिंग भी कराएंगे।

# श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की बैठक

(दिनांक 22.11.2022)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के सदस्यों और अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री माता मनसा देवी मंदिर के क्षेत्र को "होली कॉम्पलेक्स" बनाया जाएगा।

मनसा देवी मंदिर के निर्धारित क्षेत्र में शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। मंदिर क्षेत्र से करीब 2.5 किलोमीटर के क्षेत्र में शराब बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध होगा। इसके साथ–साथ मौजूदा समय में जो ठेके वहां पर हैं, उन्हें भी कहीं और आबंटित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने इस बैठक की अध्यक्षता की और कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई। बोर्ड की बैठक में फैसला लिया गया कि श्री माता मनसा देवी परिसर में





बन रहे संस्कृत कॉलेज को श्राइन बोर्ड ही चलाएगा। इस कॉलेज में स्टॉफ की नियुक्ति, उनका वेतन व विद्यार्थियों से ली जाने वाली फीस श्राइन बोर्ड द्वारा ही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए यह एक अनूठी पहल है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी ने फैसला लिया गया कि अंत्योदय स्कीम के अंतर्गत छात्रों को कौशल विकास के लिए वजीफा दिया जाएगा। इसमें पंचकूला के 1 लाख 80 हजार रुपये आय वाले परिवारों के 1 हजार बच्चों को कौशल विकास के लिए 3 हजार रुपये महीना की राशि बतौर वजीफा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अंत्योदय परिवारों के लिए सरकार अनेक योजनाओं का क्रियान्वन कर रही है। यह भी श्राइन बोर्ड की अच्छी पहल है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर में बन रहे वृद्धाश्रम की ईमारत लगभग तैयार हो गई है। इसके संचालन के लिए बोर्ड को जल्द से जल्द कोई प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इसे प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके। उन्होंने इस वृद्धाश्रम के लिए फर्नीचर खरीदने के लिए भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री जी ने श्री माता मनसा देवी मंदिर में बनने वाले राष्ट्रीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान व संस्कृत गुरुकुल के काम को जल्द से जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए।

# साउथ कोरिया के एंबेसडर 'चंग जोए बोक' के साथ शिष्टाचार मुलाकात

(दिनांक 24.11.2022)



**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने साउथ कोरिया के एंबेसडर 'चंग जोए बोक' व उनके साथ आए प्रतिनिधि मंडल क साथ शिष्टाचार मुलाकात की और आपसी सहयोग व व्यापार के साथ अन्य गतिविधियों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने विदेश सहयोग विभाग में सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया है जिसके माध्यम से युवाओं को विदेश सेवा में भेजने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) रूपी एक महत्त्वाकांक्षी योजना कार्यान्वित की है जो देश व विदेशों के लिए मिसाल बन रही है।

इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को और अधिक अवसर उपलब्ध करवाना लक्ष्य है।मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा में ओवरसीज प्लेसमेंट सेल एवम हरियाणा एक्सपोर्ट प्लेसमेंट सेल का भी गठन किया है। इनके माध्यम से युवाओं को बाहर भेजने के अलावा आपसी व्यापार को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि साउथ कोरिया का हजारों साल पुराना आत्मीयता का रिश्ता है और हमारी संस्कृति भी मिलती जुलती है। इसे हम आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

# चिरायु हरियाणा व मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना की समीक्षा बैठक

(दिनांक 24.11.2022)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित चिरायु हरियाणा योजना व मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आगामी 29 नवम्बर को देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना का अपने कर कमलों से शुभारम्भ करेंगी।

इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के अंत्योदय परिवारों के एक करोड़ 60 लाख से अधिक व्यक्तियों का स्वास्थ्य सर्वे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चलाई जा रही ई–उपचार योजना के तहत 1.8 करोड़ लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का डाटा उपलब्ध है। ऐसे सभी लोगों का स्वास्थ्य डाटा एकत्र करने के लिए ई–उपचार का युनिवर्सल पोर्टल बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि चिरायु हरियाणा योजना के कार्ड त्वरित गति

# साप्ताहिक सूचना पत्र

से बनाने का कार्य किया जाए ताकि जल्द से जल्द लोगों को योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाए। उन्होंने कहा कि 5 दिसम्बर को इस योजना के 10 लाख कार्ड गांव व वार्ड स्तर पर बांटना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि चिरायु योजना के तहत प्रदेश के लगभग 28 लाख अंत्योदय परिवारों को इस स्वास्थ्य योजना का लाभ जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार जल्द से जल्द इन लाभार्थियों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए कृतसकंल्प है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जन की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए ग्राम स्तर पर कॉल सेंटर बनाए जाएं ताकि इस योजना से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या व त्रुटि का समाधान आसानी से किया जा सके। उन्होंने कहा कि चिरायु योजना का रजिस्ट्रेशन करने व स्वास्थ्य कार्ड निशुल्क बनाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है लेकिन कई केन्द्रों पर कुछ राशि लेने की शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी ऐसी शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें।



# कला शिक्षा सहायकों से मुलाकात

(दिनांक 25.11.2022)




**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने अपने करनाल प्रवास के दौरान डॉ मंगलसेन ऑडो टोरियम में HKRN के माध्यम से लगे कला शिक्षा सहायकों से मुलाकात की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि  हमने व्यवस्था को बदलने का काम किया है।

पहले ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से भर्ती होती थी पर्ची खर्ची चलती थी। पर वर्तमान में हमने हमारी सरकार के कार्यकाल के दौरान एक लाख से ऊपर नियमित सरकारी नौकरी पारदर्शिता एवं योग्यता के आधार पर दी। इसमें न किसी की पर्ची, न किसी की खर्ची चली है।

उन्होंने कहा कि युवाओं के आर्थिक शोषण को खत्म करने के लिए ही हमने कौशल रोजगार निगम का गठन किया गया। यह आउटसोर्सिंग से जुड़ी सेवाओं में ठेका प्रथा बंद करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अब तक करीब 90 हजार से अधिक कर्मचारियों को इस निगम के माध्यम से समायोजित किया जा चुका है। यह कर्मचारी विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों में आउटसोर्सिंग एजेंसियों के



माध्यम से लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले ही इस निगम के माध्यम से एक क्लिक से ही 2075 टीजीटी व पीजीटी अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिए गए है।

उन्होंने बताया कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार द्वारा रोजगार मुहैया करवाने के लिए कौशल प्रशिक्षण देने की भी व्यवस्था की गई है। इसके उपरांत विदेशों में भी युवाओं की प्लेसमेंट की जाएगी। इस योजना के तहत एक वर्ष में 1 लाख युवाओं को विदेश भेजने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि जो युवा अपने हुनर के दम पर उद्योग लगाना चाहते हैं, उनको सरकार प्रोत्साहित करेगी तथा निजी औद्योगिक इकाईयों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कॉमन एलिजिबिल्टि टेस्ट हाल ही में ग्रुप सी की भर्ती के लिए लिया गया है, जिसमें करीब 11 लाख युवाओं ने आवेदन किया था, जिनमें से करीब 6. 5 लाख युवाओं ने परीक्षा दी।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सीईटी टेस्ट हर साल लिया जाएगा और जो बच्चे इसमें सुधार भी करना चाहते हैं वे भी अप्लाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप डी के लिए भी जल्द ही कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विजिलेंस के कर्मचारियों की संख्या 7 गुणा बढ़ा दी गई है। इसके अलावा सीएम फ्लाईंग की पॉवर को भी बढ़ाया गया है और दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है।

# बजट पूर्व चर्चा

(दिनांक 25.11.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली में बजट पूर्व परामर्श की बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के साथ एनसीआर क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए हरियाणा को विशेष आर्थिक पैकेज देने की मांग रखी है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के 14 जिलें ऐसे हैं जो एनसीआर क्षेत्र में शामिल हैं। इन क्षेत्रों में बुनियादी ढ़ांचे के निर्माण और रखरखाव के लिए काफी मात्रा में संसाधन खर्च करने पड़ते हैं, इसको ध्यान में रखते हुए हरियाणा को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाना चाहिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा का 25,327 वर्ग किलो मीटर क्षेत्रफल और 164.3 लाख जन संख्या एनसीआर के अंदर आती है। इस क्षेत्र में बुनियादी ढ़ांचे, पानी, स्वच्छता, शहरी विकास और कनेक्टि




विटी के लिए काफी संसाधन खर्च करने पड़ते हैं।

उन्होंने कहा कि एनसीआर में हरियाणा सरकार केएमपी एक्सप्रेस–वे, रेल आर्बिटल प्रोजेक्ट, पंचग्राम विजन के रूप में केएमपी कॉरिडोर के साथ 2.5 लाख हेक्टेयर के 5 शहरों का विकास, नारनौल में इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब, गन्नौर में अंतराष्ट्रीय बागवानी बाजार व अन्य बड़ी परियोजनाओं पर पैसे खर्च कर रही है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वन के लिए

# साप्ताहिक सूचना पत्र



हरियाणा सरकार की केंद्र सरकार से विशेष पैकेज की मांग बिल्कुल जायज है।

मुख्यमंत्री जी ने राज्यों को 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 2022–23 में भी पूंजी निवेश योजना के लिए विशेष सहायता जारी रखने के लिए केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा राज्य को हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 2022–23 में इस योजना के तहत 874 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से इस स्कीम को भविष्य में भी जारी रखे जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश ने स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और चिकित्सा शिक्षा के विकास में बड़ी प्रगति की है। 2025 तक हरियाणा में मेडिकल कॉलेजों में स्नातक सीटों की संख्या 2015 में 700 से बढ़कर 3035 हो जाएगी। मेडिकल कॉलेजों के निर्माण और संचालन में अत्यधिक पूंजी की जरूरत होती है, जिसमें ऐसी प्रत्येक परियोजना पर 700 करोड़ रुपये से अधिक का पूंजी निवेश शामिल है। मुख्यमंत्री ने मांग रखी की राज्य में इन मेडिकल कॉलेजों को खोलने के लिए केंद्र सरकार विशेष वित्तीय सहायता प्रदान करे।

# बॉण्ड पॉलिसी को लेकर उच्च अधिकारियों और छात्रों की अहम बैठक का आयोजन

(दिनांक 25.11.2022)

**प्रभाव :** हरियाणा में एमबीबीएस की बॉण्ड पॉलिसी को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ आज उच्च अधिकारियों ने अहम बैठक की। इस दौरान छात्रों को पॉलिसी के संबंध में विस्तार से बताया गया और उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने छात्रों से अपील की कि वे अपनी हड़ताल को



ख़त्म करें, क्योंकि इस हड़ताल के कारण मरीज़ों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने उम्मीद जतायी है कि छात्र अपनी हड़ताल वापस ले लेंगे।

बैठक में अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि राज्य सरकार द्वारा लाई गई बॉण्ड पॉलिसी का एकमात्र उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को पूरा करना है। यह पॉलिसी पूरी तरह से आम आदमी के हित में है। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी पूरी होगी तो उससे आम आदमी को बहुत लाभ होगा और उन्हें अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकेंगी।

बैठक के दौरान छात्रों को बताया गया कि अगर उन्हें किसी विषय पर अभी भी आपत्ति या आशंका है तो वे लिखित में सरकार को दें, उस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सुशासन सम्मेलन

(दिनांक 27.11.2022)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने जम्मू में अयोजित राष्ट्रीय सुशासन सम्मेलन में शिरकत की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने जम्मू सरकार के साथ आईटी क्षेत्र में एक एमओयू भी साइन किया।

सम्मेलन में अपना संबोधन देते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज एक बदलते जम्मू कश्मीर का गवाह बन रहा हूं। उन्होंने जम्मू के साथ अपने गहरे संबंध को याद करते हुए कहा कि इस क्षेत्र से वे अनजान नहीं हैं, यहां से उनका पुराना नाता रहा है। इस क्षेत्र में



संगठन से जुड़े कई कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी का है और इसके उपयोग से व्यवस्था परिवर्तन करते हुए सुशासन लाने की दिशा में हम प्रयासरत हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ई–गवर्नेंस का मतलब एफिशिएंट गवर्नेंस है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्ति को मिले, यही एक कल्याणकारी राज्य का सही अर्थ है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक प्रणाली में डिजिटलीकरण ने सुनिश्चित किया है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थी तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संतुलित विकास के लिए एक राज्य को अन्य राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता है। इसी दिशा में हरियाणा सरकार जम्मू–कश्मीर सरकार की आवश्यकताओं को पूरा करने में उनका पूरा सहयोग करेगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## श्री माता वैष्णो देवी दर्शन

(दिनांक 27.11.2022)



**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने आज कटरा, जम्मू पहुंच कर श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में माँ के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और देश व प्रदेशवासियों की उन्नति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उनके लिए सौभाग्य की बात कि आज श्री माता वैष्णो देवी के दर्शन करने का मौका मिला है। माता से यही कामना की है कि हमारे देश की जनता का विकास का मार्ग प्रशस्त हो, निर्विघ्न सबके काम बनें और सर्व मानव का कल्याण हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस क्षेत्र से उनका पुराना संबंध रहा है। 3 वर्षों तक यहां संगठन के लिए काम किया। पुराने साथियों से मिलने की कई बार इच्छा होती थी, वह भी आज पूरी हो गई।